उपलब्धि | महाकोशल महाविद्यालय में राज्य स्तरीय खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का सम्मान

महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीते 20 गोल्ड

नवभारत, जबलपुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में आज राज्य स्तरीय शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लगभग 20 महिला खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्रो. अरुण शुक्ल, संयोजक डॉ. ज्योति जुनगरे एवं टीम मैनेजर डॉ. नेहा दवे ने विजेताओं को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. राविश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रसाद प्रजापति, डॉ. मीना केलर, डॉ. धीरज त्रिपाठी, बबिता ठाकुर, राधा सैनी, परसराम बमोरिया, सुरेश रजक, विशराम उईके, शशिकांत स्वामी एवं गगन ठाकुर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इन प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. शालिनी यादव, डॉ. भारती शर्मा, डॉ. शम्पा जैन, डॉ. ज्योति जुनगरे ने बैडमिंटन व टेबल-टेनिस में खिताब जीता। शतरंज में डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. अलका अवस्थी, डॉ. मनीषा सक्सेना और डॉ. सीमा धुर्वे विजेता रहीं। 50 वर्ष से कम आयु वर्ग टेबल-टेनिस में डॉ. रजना विश्वकर्मा, डॉ. तूलिका गौतम, डॉ. स्वाति इंदुरख्या, रागिनी मार्को तथा बैडमिंटन में डॉ. रश्मि पटेल, डॉ. विभा श्रीपाल, डॉ. पूजा चतुर्वेदी ने जीत दर्ज की। ओपन प्रतियोगिताओं में डॉ. अंनीता झरिया, डॉ. आकाशा मरावी, वैष्णवी मसराम और डॉ. विभा चौधरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

रणभूमि इंफिनिटी 11 बनी चैंपियन, जेपी ब्वॉयज को फाइनल में हराया

▸ तीसरे पुलिस लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

नवभारत, जबलपुर। तीसरे पुलिस लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जेपी बॉयज और रणभूमि इंफिनिटी 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेपी बॉयज की टीम ने 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 138 रन बनाए। 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रणभूमि इंफिनिटी 11 की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 13 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में आदित्य मिश्रा का अहम योगदान रहा। उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट का मार्गदर्शन एसएसपी जबलपुर संपत उपाध्याय, आरआई जयप्रकाश आर्य, एएसआई अवतार विस्ट एवं मेजर रेनू विक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। यह आयोजन जबलपुर पुलिस क्रिकेट टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में सभी विशिष्ट अधिकारियों ने खिलाड़ियों और टीमों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

नवभारत, जबलपुर। शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम छितुरहा तहसील पाटन, जबलपुर में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच वंदना चढ़ार, दिनेश पटेल, सदीप पटेल, सत्यम चढ़ार आदि मौजूद रहे। शाला के नवप्रवेशी बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। शाला प्रभारी बृजेश कुमार अवस्थी ने इस अवसर पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के भविष्य को संवारने का सशक्त माध्यम होता है। अत: सभी पालक अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। इस अवसर पर शाला के शिक्षक वकील पटेल, कुंजा यादव आदि उपस्थित थे।

दतिया हत्याकांड से कुशवाहा समाज में रोष

आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कार्रवाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत, जबलपुर। दतिया में पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में कुशवाहा युवा संघ जबलपुर ने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने घटना को हृदय विदारक बताते हुए कहा कि इससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष व गहन जांच तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संघ के संस्थापक रविंद्र कुशवाहा ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान राम भजन नीलू कुशवाहा, रविंद्र कुशवाहा, वृंदावन कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, अजय कुशवाहा, एडवोकेट शुभम कुशवाहा, प्रताप कुशवाहा, देवकी पटेल, शनि कुशवाहा, संजय कनौजिया, गणेश कनौजिया, राम विश्वास कुशवाहा, हरिकांत कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, नरेंद्र पटेल, राजू कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, सोहन कुशवाहा, सुरेश वर्मा, संजय सेन, रवि कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, देवेंद्र कुशवाहा, संत कुमार कुशवाहा, अंशुमान कुशवाहा, शोभित कुशवाहा, सुमित पटेल, शुभम सोनी, रवी दहिया, संतोष कुशवाहा, आशु जग्गू, निर्मल सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

मकान में रखा मिला शराब का जखीरा

▸ पुलिस की दबिश, दो गिरफ्तार

नवभारत, जबलपुर। बरेला पुलिस ने एक मकान में दबिश देते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 16 कार्टून में कुल 133.425 लीटर अंग्रेजी शराब व बुलेरो वाहन जप्त की गई है। टीआई शुभम सिंह ठाकुर के मुताबिक कलारी के पीछे हाईवे रोड बरेला में अमित साहू के मकान में दबिश दी गई। मौके से शिवम जायसवाल 24 वर्ष निवासी ग्राम लौर थाना लौर जिला मउगंज, शुभम विश्वकर्मा 30 वर्ष निवासी कनवास थाना करेली जिला नरसिंहपुर, प्रदीप पटैल (कौरव) जिला नरसिंहपुर को पकड़ा गया जबकि प्रदीप पटैल भाग निकला। तलाशी लेने पर मकान के अंदर 16 कार्टून में अंग्रेजी शराब रखी मिली। आरोपी शिवम जायसवाल एवं शुभम विश्वकर्मा के कब्जे से 16 कार्टून में भरी अंग्रेजी शराब कुल 133.425 लीटर कुल कीमती लगभग 2 लाख 43 हजार 573 एवं बुलेरो एनईओ क्रमांक एमपी 04 जेड पी 6771 जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

गांजा तस्करी में महिला गिरफ्तार

गोहलपुर पुलिस ने लेमागार्डन मैदान में दबिश देते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये गांजा बेचते अकबरी बेगम मंसूरी 57 वर्ष निवासी गोहलपुर तिराहा को दबोचा। जिसके कब्जे से 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया है।

रियायती दरों पर किताबों की खरीदारी को उमडी भीड

▸ शहीद स्मारक परिसर में आयोजित पुस्तक मेले में छात्रों-अभिभावकों की बढ़ती भागीदारी

नवभारत, जबलपुर। शहीद स्मारक परिसर में आयोजित 12 दिवसीय पुस्तक मेले में विद्यार्थियों और अभिभावकों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। मेले के आठवें दिन बड़ी संख्या में लोगों ने निजी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म और कॉपियां रियायती दरों पर खरीदीं। मेले में स्कूल बैग, कॉपी-किताबें और अन्य शैक्षणिक सामग्री पर 20 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जिससे अभिभावकों को काफी राहत मिल रही है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ खरीदारी के लिए खासा उत्साह देखा गया। मेले के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। यह पहल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

5 अप्रैल तक चलेगा मेला पुस्तक दान की अपील

जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि मेला 5 अप्रैल तक जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से बुक बैंक स्टॉल पर सीबीएसई और इंग्लिश मीडियम की पुस्तकें दान कर जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करने की अपील की है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

आठवें दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या में स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। 'एकल योग स्तुति' और अन्य कार्यक्रमों ने दर्शकों को आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश बरसैयां ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और बुक बैंक स्टॉल की सराहना की।

कोचिंग संस्थानों के बीच शराब दुकान खोलने का विरोध तेज

छात्राओं की सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल को लेकर जताई आपत्ति

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर स्थित प्राधिकरण की योजना क्रमांक 11 के ब्लॉक सी (वेजीटेबल मार्केट) में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। यहां प्रथम तल पर जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किराए पर संचालित अपराजित आईएएस एकेडमी में यूपीएससी एवं एमपी पीएससी की कोचिंग चल रही है, जबकि उसी भवन में जबलपुर आईटीआई और काशी लाइब्रेरी भी संचालित हैं। छात्रा प्रतिभा पाठक, खुशी मेहरा, गरिमा मिश्रा, रितु करें, तनीशा कोरी, मान्या सिंह चौहान सहित अन्य लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन हेतु आते हैं। ऐसे में नीचे शराब दुकान खुलने से उत्पात, मारपीट, शराबखोरी और छात्राओं से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। जेडीए बिल्डिंग व्यापारी संघ एवं कोचिंग संस्थानों ने प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के हित और क्षेत्र की गरिमा को देखते हुए इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त किया जाए।

एक नजर में

शाला प्रवेश उत्सव का हुआ सफल आयोजन

नवभारत, जबलपुर। शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर में 01 अप्रैल को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन छात्रों का स्वागत करना एवं शिक्षा के प्रति अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में शाला प्रभारी संजय चौबे, वार्ड पार्षद सतेन्द्र चौबे एवं समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला प्रभारी संजय चौबे ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। वहीं वार्ड पार्षद सतेन्द्र चौबे ने भी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण आनंदमय हो गया। अंत में सभी ने शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन किया।

कलेक्टर ने कृषि मंथन की तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत, जबलपुर। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बुधवार को जेएनकेव्हीव्ही पहुंचकर कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत 8 अप्रैल को प्रस्तावित कृषि मंथन की तैयारियो के संबंध में जायजा लिया। इस अवसर पर कुलगुरू प्रोफेसर राजेश मिश्रा, उप संचालक कृषि एसके निगम सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर दमोह नाका, मनमोहन नगर, जिला जबलपुर (म.प्र.)

ई-मेल- mpapmcjabalpur@gmail.com दूरभाष क्र. 0761-4031091

क्र./मंडी / जबल / स्टोर/2025-26/3 जबलपुर, दिनांक :- 01/04/2028

निविदा विज्ञप्ति

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर में स्टेशनरी सामग्री क्रय एवं मण्डी अधिनियम / उपविधि एवं मेन्युअल में दिये गये प्रारूप अनुसार पंजियां एवं प्रपत्र आदि का मुद्रण कार्य कराने हेतु आगामी एक वर्ष की अवधि के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तों एवं सामग्री की सूची कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15/04/2026 को समय 5:30 सायं तक राशि रुपए 1000/- जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेगें। अत: इच्छुक पंजीकृत शासकीय, सहकारी एवं निजी मुद्रणालय / संस्थायें पूर्ण रूप से भरे हुये निविदा प्रपत्र सहित अपनी निविदायें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 24/04/2026. को शाम 5:30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 28/04/2026 को समय 12:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोला जावेगा। निविदा स्वीकृति /निरस्तीकरण के अधिकार मण्डी समिति को होंगे, जिसके लिये कारण दर्शाना आवश्यक नहीं होगा।

(आर. के. सैयाम)
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर (म.प्र.)

(अभिषेक सिंह ठाकुर)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

//चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 05 Date-02/04/2026 2026_UAD_495449_1	संभाग क्र. 11 अंतर्गत रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में भीटा तिराहा से सुखलालपुर होते हुये खंदारी रेस्ट हाउस की ओर सड़क डामलीकरण कार्य।(निगम मद)	06 माह / ₹.45.82	5000/- / 34365/-	17/04/2026
2.	PRO- 05 Date-02/04/2026 2026_UAD_495449_2	संभाग क्र. 11 अंतर्गत डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में हाट बाजार में छुई खदान मैदान में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा)	02 माह / ₹.03.75	2000/- / 3750/-	17/04/2026
3.	PRO- 05 Date-02/04/2026 2026_UAD_495449_3	संभाग क्र. 11 अंतर्गत डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में हनुमान टोरिया के पास स्थित सामुदायिक भवन की मरम्मत का कार्य। (अध्यक्ष मद)	02 माह / ₹.02.47	2000/- / 2470/-	17/04/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	PRO- 10 Date-01/04/2026 2026_UAD_493375_1	वार्ड क्र. 76 के अंतर्गत बंगाली कालोनी में संदीप के घर से गुप्ता जी के घर की ओर एवं डी.एल.जाबेथ के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	02 माह / ₹.07.05 लाख	2000/- / 7050/-	16/04/2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर लोककर्म विभाग

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का विवरण	कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO-09 Date: 01/04/2026 2026_UAD_494986_1	वार्ड क्र. 78 के अंतर्गत इंद्रा नगर में सुनील बाल्मीकि के घर के आगे की ओर बिलपुरा कालोनी में सेन किराना के आगे पचोरी के घर के आगे एवं विभिन्न स्थानों पर एम-20 एवं एम-30सी.सी. सड़क निर्माण एव नई बस्ती में गंगा चोधरी के घर के आगे बिलपुरा तालाब है पास बिजेंश ठाकुर के घर के आगे की ओर भूमिया महोल्ला बीना जाटव एवं अन्य स्थलों पर आर.सी.सी.नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा)	04 माह / ₹.33.60 लाख	₹.5000/- / ₹.25201/-	04/05/2026
2.	PRO-09 Date: 01/04/2026 2026_UAD_494986_2	वार्ड क्र 78 के अंतर्गत इद्रा नगर मे शंकर सिंह,गंगा मैया भरत आश्रम, बगिया टोला में त्रिवेणी चौधरी, रीवा कॉलोनी में राजकुमार कुशवाहा,बिलपुरा तालाब के पास टी.के.गुहा एवं विभिन्न स्थलों पर एम-20 एवं एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण एवं बगिया टोला में संतोष महोविया, सुरेन्द्र पटेल के घर की ओर, इंद्रा नगर रीवा कॉलोनी में राजेंद्र पाण्डेय के घर की ओर आर.सी.सी. नाली एवं पुलियों का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा)	04 माह / ₹.31.05 लाख	₹.5000/- / ₹.23290/-	
3.	PRO-09 Date: 01/04/2026 2026_UAD_494986_3	वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत पुरानी बस्ती में खेरमाई मंदिर से आर.एन.किराना दुकान तक एवं पाटन रोड मुख्य मार्ग से ओम प्रकाश दुबे के घर तक एम.30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा	02 माह / ₹.15.33 लाख	₹ 2000/- / ₹.15330/-	
4.	PRO-09 Date: 01/04/2026 2026_UAD_494986_4	वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत शारदा नगर पाटन रोड में सुरेश पटेल के घर से चोरसिया चक्की तक एवं आशा किराना के सामने से शांति विश्वकर्मा एवं भगवती ज्वेलर्स के सामने से शिव मंदिर तक व प्रदीप गुप्ता से जयसवाल के घर तक शेलेन्द्र रजक के घर से ट्रांसफ़ॉमर तक आर.सी. नाली सी.निर्माण कार्य।(पार्षद अनुशंसा)	02 माह / ₹.08.41 लाख	₹. 2000/- / ₹.8410/-	16/05/2026
5.	PRO-09 Date: 01/04/2026 2026_UAD_494986_5	वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत पुरानी बस्ती एवं शंकर नगर में विभिन्न स्थानों पर सडकों का रिपेयरिंग कार्य। (पार्षदअनुशंसा)	02 माह / ₹.04.23 लाख	₹.2000/- / ₹.4234/-	

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर